प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजनों की तैयारियों को लेकर बैठक

जयपुर। प्रवासी राजस्थानी दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशेष आयोजनों की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को शासन सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इनके सुव्यवस्थित आयोजन तथा राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की।

तीन दिवसीय आयोजनों में शेखावाटी हेरिटेज, सांस्कृतिक संध्या और प्रवासी राजस्थानी दिवस प्रमुख आकर्षण होंगे। यह कार्यक्रम भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित किया जायेगा।तीन दिवसीय आयोजनों की शुरुआत 8 दिसंबर को झुंझुनूं जिले के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में आयोजित होने वाले शेखावाटी हेरिटेज कार्यक्रम से होगी।

इसके माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों, विशिष्ट स्थापत्य कला, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन की अपार संभावनाओं को वैश्विक पहचान दिलाने पर विशेष जोर रहेगा।


'एक राज्य, एक चुनाव' की भावना के अनुरूप राजस्थान के निर्वाचन प्रबंधन की सराहना

उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए मतदाताओं का अभिनंदन किया

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों की अब तक की प्रक्रिया के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन और निर्वाचन प्रबंधन में किए गए नवाचारों के लिए सिंह तथा आयोग की टीम को बधाई दी।

भेंट के दौरान 'एक राज्य, एक चुनाव' की व्यापक अवधारणा के संदर्भ में प्रदेश के निर्वाचन अनुभवों पर चर्चा हुई। राजस्थान में 'एक राज्य, एक चुनाव' के तहत नगरीय निकाय चुनाव दो चरण तथा पंचायतीराज चुनाव चार चरणों में आयोजित किए गए। इस व्यवस्था से मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की उपलब्धता और प्रशासनिक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने में सहायता मिली।

नगरीय निकाय चुनावों में मतदान पिछली बार के 71.84 प्रतिशत से बढ़कर 73.56 प्रतिशत रहा। ग्राम पंचायत चुनावों में यह 82.86 से बढ़कर 83.72 प्रतिशत तथा जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में 63.66 से बढ़कर 67.78 प्रतिशत रहा।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

- निकाय और पंचायतीराज चुनावों के सफल संचालन तथा नवाचारों पर दी बधाई

मतदाता जागरूकता के लिए 'एक शाम लोकतंत्र के नाम' और 'एक दीप लोकतंत्र के नाम' जैसे कार्यक्रमों के साथ निबंध, काव्यपाठ, रंगोली तथा मतदाता संवाद आयोजित किए गए।

निर्वाचन प्रबंधन में तकनीक के उपयोग के तहत दौसा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित 'दौसा बॉट' ने 1,142 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 16,762 प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराए। जयपुर में वाहन अनुमति की ऑनलाइन व्यवस्था, चूरू एवं राजसमंद में वेबसाइट और क्यूआर कोड से निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता तथा अभ्यर्थियों को नामांकन से पहले आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण देने जैसे नवाचार अपनाए गए।

हनुमानगढ़ एवं सवाईमाधोपुर में रिटर्निंग अधिकारियों और मतदान कार्मिकों के लिए दक्षता परीक्षण आयोजित किए गए। अलवर में कार्मिक कल्याण पोर्टल से निर्वाचन ड्यूटी के लिए कार्मिकों की उपलब्धता तथा मानदेय और भत्तों के भुगतान की निगरानी की गई। राज्य के संपूर्ण मतदान केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति के लिए जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

मुख्य सचिव ने निर्वाचन कार्य में जिला प्रशासन, पुलिस, पर्यवेक्षकों, मतदान दलों और अन्य कार्मिकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदेश के मतदाताओं का भी अभिनंदन किया।

इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

गोदाम से नमकीन का कट्टा चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



जयपुर। हरमाड़ा थाना पुलिस ने गोदाम से चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने गोदाम से चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मनीष जाबडौलिया (19) निवासी जयरामपुरा और गुलशन बुनकर (20) निवासी पानी की जयरामपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने परिवादी का चोरी हुआ माल भी बरामद कर लिया है।पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से मामले में आगे अनुसंधान करने के साथ ही अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक नरेंद्र भडाना के अनुसार 19 नवंबर 2026 को परिवादी प्रकाश मोदी (52) निवासी हरमाड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मकान के अंदर ही गोदाम बना हुआ है। 18 नवंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे सो रहे थे, तभी अज्ञात व्यक्ति गोदाम में रखा बीकाजी नमकीन का एक कट्टा चोरी कर ले गया। आसपास तलाश करने के बावजूद कट्टा नहीं मिला। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर संदिग्धों को चिह्नित किया। इसके बाद उन्हें दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

बाड़ा पदमपुरा में होगा राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन



जयपुर। राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) की जयपुर संभाग की बैठक रविवार को शहीद अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जयपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष, जयपुर संभाग अर्जुन सिंह जाट ने की। बैठक में आगामी प्रदेश सम्मेलन की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा तथा सम्मेलन को सफल बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने प्रदेश सम्मेलन की पूर्व तैयारियों के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और निर्धारित समयावधि में दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग एकत्रीकरण संतोषजनक है। 30 नवंबर तक इसे पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दायित्वान कार्यकर्ता आवश्यक रूप से कम से एक दिन प्रवास पर गुजारे। सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन करने पर जोर दिया। अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री बसन्त जिन्दल ने 15 नवंबर को प्रदेश भर में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलनों की समीक्षा की।

स्लीपर कोच बस में शराब बोतलों के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- जयपुर के ठेकों से 20 हजार रुपए में खरीदता था शराब
- बिहार में तीन गुना कीमत पर बेचने की थी तैयारी

जयपुर। सिंधी कैंप थाना क्षेत्र में स्लीपर कोच बसों के जरिए बिहार में शराब तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो भारी ट्रॉली बैग में प्लास्टिक की थैलियों में छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की 29 बोतलें बरामद की हैं। आरोपी शराब को जयपुर से बिहार ले जाने की फिराक में था।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि सिंधी कैंप बस स्टैंड और आसपास संचालित ट्रैवल बसों के जरिए शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जिस पर सिंधी कैंप थानाधिकारी वंदना नरूला के नेतृत्व में टीम की ओर से जयपुर से बिहार जाने वाली बसों की आकस्मिक जांच की जा रही थी। इसी दौरान दो भारी ट्रॉली बैग लेकर बस में सवार होने पहुंचे प्रमोद सिंह (48) निवासी शिवहर बिहार हाल निवासी विश्वकर्मा जयपुर पर पुलिस को संदेह हुआ। तलाशी लेने पर दोनों बैगों में प्लास्टिक की थैलियों में छिपाकर रखी गई 29 बोतल अंग्रेजी शराब मिली। जब्त शराब में आइकॉनिक व्हाइट प्राइम व्हिस्की, मैजिक मोमेंट्स फ्लेवर्ड वोडका, इंपीरियल ब्लू व्हिस्की और बोहो क्लासिक ब्लेंडेड व्हिस्की शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी होने के कारण वहां राजस्थान की शराब की मांग रहती है। इसी का फायदा उठाकर वह जयपुर के अलग-अलग शराब ठेकों से करीब 20 हजार रुपए की शराब खरीदता था। शराब की बोतलों को बबल रैप और प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर ट्रॉली बैग में रखता और स्लीपर कोच बस से बिहार ले जाता था। वहां फुटकर ग्राहकों को शराब 50 से 60 हजार रुपए तक में बेचता था। इस तरह उसे करीब तीन गुना कीमत मिल जाती थी। पुलिस आरोपी से तस्करी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जिला प्रमुख और प्रधानों के उम्मीदवारों के चयन के लिए मंथन जारी

- प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के अलावा पार्टी के जनप्रतिनिधियों, विधानसभा प्रत्याशियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ उम्मीदवारों के चयन को लेकर कर रहे चर्चा, 23 जिला परिषद में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत, चार जिला परिषद में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी, बीकानेर में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं में टकराव

जयपुर। प्रदेश में जिला परिषद और पंचायत समितियों में अच्छी जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस पार्टी अब जिला प्रमुख, उप जिलाप्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में जोर-शोर से जुट गई है प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में दिनभर पार्टी के संगठन से जुड़ेनेताओं, प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों, प्रदेश भर के विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग जिलों में पार्टी के जिला प्रमुख और प्रधानों के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम निर्धारित करने के लिए चर्चा करते नजर आए प्रदेश में कांग्रेस को 23 जिला परिषदों में स्पष्ट बहुमत मिला है तथा चार जिला परिषद में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में नजर आ रही है, इसलिए कांग्रेस 27 जिलों में अपने जिला प्रमुख बनाने की स्थिति में दिख रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश में 269 पंचायत समितियों में भी कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला है इसलिए इस बार एक ही दौर में पूरे प्रदेश में सभी जिला परिषदों और सभी पंचायत समितियों के चुनाव संपादित होने की वजह से पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और पार्टी के रणनीतिकारों को जिला प्रमुख और प्रधानों के उम्मीदवार के नाम निर्धारित करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड रहा है इसीलिए गोविंद सिंह डोटासरा जिनके चाचा का पिछले शनिवार को निधन हो गया था, डोटासरा के परिवार में गम का माहौल है लेकिन रविवार को डोटासरा जिला प्रमुख और प्रधानों के उम्मीदवारों के नाम निर्धारित करने के लिए कई घंटे तक पार्टी के नेताओं के साथ गंभीरता से मंथन करते रहे क्योंकि आगामी 25 नवंबर को जिला प्रमुख, 26 नवंबर को उप जिला प्रमुख, 27 नवंबर को प्रधान और 28 नवंबर को उपप्रधान का चुनाव होगा, इस बार जिला परिषदों में कांग्रेस पार्टी को शानदार बहुमत मिला है, और 27 जिला परिषदों में कांग्रेस पार्टी अपने जिला प्रमुख बनाने की स्थिति में है, हालांकि स्पष्ट बहुमत 23 जिला परिषदों में ही है, लेकिन चार अन्य जिला परिषदों में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है, इसलिए कांग्रेस पार्टी 27 जिलों में अपने जिला प्रमुख बनाने की कोशिशें में पूरी ताकत से जुटी हुई है, इसके अलावा 269 पंचायत समितियों में भी कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला है, इसलिए प्रधान पद के लिए भी कांग्रेस पार्टी को उम्मीदवार के नाम सुनिश्चित करने हैं, इसलिए इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के नाम फाइनल करना निश्चित रूप से प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ी मुश्किल और चुनौती जरूर बन गए हैं क्योंकि समय बहुत कम है और कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार यह चाहते हैं कि जिला प्रमुख और प्रधान कर्मठ, ईमानदार और दबंग नेता को बनाया जाए ताकि प्रदेश की भाजपा सरकार से ठीक तरह से मुकाबला कर सके

जानकारी के अनुसार पार्टी हाईकमान ने वैसे तो जिला प्रमुख और प्रधान का नाम फाइनल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस को पूरी तरह से क्लीन चिट दे दी है, लेकिन अंतिम निर्णय जिला प्रमुख और प्रधान के उम्मीदवार के बारे में पार्टी का दिल्ली दरबार ही लेगा, इसलिए प्रदेश कांग्रेस को जल्दी से जल्दी जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख प्रधान और उप प्रधान के उम्मीदवारों के पैनल तैयार करके पार्टी हाईकमान को भेजने हैं, इसलिए डोटासरा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करके पैनल तैयार करने के कार्य में जुटे हुए हैं।

खंडित प्रतिमाओं के सम्मानजनक निस्तारण के लिए मंदिर बना संग्रहण केंद्र

जयपुर। धार्मिक आस्था से जुड़ी खंडित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं और पूजन सामग्री के सम्मानजनक निस्तारण के उद्देश्य से नृत्यम फाउंडेशन ने वार्ड 87 में अनूठी पहल शुरू की है। इस अभियान का शुभारंभ वेदविला कॉलोनी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से किया गया। इसके तहत मंदिर परिसर में विशेष संग्रहण बॉक्स रखा गया है, जिसमें लोग खंडित प्रतिमाएं और पूजन सामग्री रख सकेंगे। ताकि उनका विधिवत और सम्मानजनक विसर्जन किया जा सके।

फाउंडेशन की काजल सैनी ने बताया कि सनातन धर्म में देवी-देवताओं के विग्रहों का विशेष महत्व है। इसके बावजूद कई बार प्रतिमाएं खंडित होने या पूजन सामग्री उपयोग के बाद लोग उन्हें पीपल के पेड़ के नीचे अथवा अन्य स्थानों पर खुले में छोड़ देते हैं। इससे धार्मिक आस्था और देवी-देवताओं के विग्रहों के सम्मान को ठेस पहुंचती है। इसी समस्या के समाधान के लिए फाउंडेशन ने व्यवस्थित संग्रहण और विसर्जन की यह पहल की है।इस अभियान का शुभारंभ वार्ड 87 की पार्षद प्रतिभा शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मुहिम में अधिक से अधिक लोगों को सहभागी बनना चाहिए, जिससे देवी-देवताओं के विग्रहों को उचित सम्मान मिल सके। इस अवसर पर पार्षद प्रतिभा शर्मा ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्य संतोष सैनी, मनीषा यादव, अनीता सैनी और मनीषा सैनी उपस्थित रहे।



मंदिर परिसर में विशेष संग्रहण बॉक्स रखा गया ।

पुलिस लाइन चांदपोल में दीपावली मिलन और बड़े खाने का आयोजन

जयपुर । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल में दीपावली मिलन और बड़े खाने का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशक एवं कमाण्डेन्ट जनरल, गृह रक्षा अनिल पालीवाल,आनन्द कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार राठौड़ और सचिन मित्तल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। कार्यक्रम में ओमप्रकाश, डॉ. अजय सिंह, प्रदीप मोहन शर्मा, प्रशांत किरण, उपायुक्त (मुख्यालय) अनुष्ठा कालिया सहित आयुक्तालय के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

खेतों से बिजली केबल और वाहन चोरी करने वाले गिरफ्तार

जयपुर। कालवाड़ थाना पुलिस ने खेतों से बिजली की केबल चोरी करने और वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार, चार मोटरसाइकिलें और चोरी की गई बिजली केबल के तार बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कापड़ियावास, कंवर का बास, सुंदरियावास और भंभौरी क्षेत्र के खेतों से बिजली केबल चोरी करने की वारदातें स्वीकार की हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने खेतों से बिजली की केबल चोरी करने और वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तेजपाल चौधरी (34) और फूलचंद चौधरी (42) निवासी ग्राम कापड़ियावास हाल हाथोज कालवाड़ तथा संतोष कुमार चौधरी उर्फ शैतान (28) निवासी खौराबीसल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे की हालत में सुनसान स्थानों से वाहन चोरी करते थे और रात के समय खेतों में पहुंचकर बिजली की केबल काटकर ले जाते थे। आरोपियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में केबल चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कार और चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बिजली केबल के तार भी जब्त किए हैं।

कालवाड़ थानाधिकारी दिलीप सिंह कालवाड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 29 अक्टूबर को ग्राम महेशवास खुर्द स्थित सरकारी बोरिंग से अज्ञात चोर करीब 640 फीट बिजली की केबल चुरा ले गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्धों पर निगरानी रखी, आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र से सूचनाएं जुटाईं। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने खेतों से बिजली की केबल चोरी करने वाली गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पल्स पोलियो अभियान: जयपुर प्रथम-द्वितीय में 8.86 लाख बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य

जयपुर । उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस (एसएनआईडी) के अवसर पर रविवार को जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय जिलों में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। दोनों जिलों में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 8 लाख 86 हजार 269 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 6,811 टीकाकरण बूथ बनाए गए हैं। बूथ दिवस के बाद घर-घर जाकर खुराक से वंचित बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

जयपुर द्वितीय जिले में परियोजना निदेशक (टीकाकरण) डॉ. रघुराज सिंह, कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ. सुरेन्द्र गोयल और आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा ने यूसीएचसी मानसरोवर सेक्टर-12 में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान बीसीएमओ सांगानेर डॉ. तरुण तिवारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. सुशील गौतम सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ. सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि जयपुर द्वितीय जिले में 4 लाख 24 हजार 691 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा के अनुसार अभियान के लिए 14,546 सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान के लिए सभी तैयारियां पूरी की गई हैं। बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम, आशा सहयोगिनियां और आंगनबाडी कार्यकर्ता बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से सभी पात्र बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाने की अपील की।जयपुर प्रथम के आरसीएचओ डॉ. महेश चौधरी ने बताया कि बूथ दिवस के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान की निगरानी के लिए 790 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 140 ट्रांजिट टीमें और 170 मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी। जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं।दोनों जिलों में बूथों पर अभिभावकों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के प्रति उत्साह देखा गया।



रविवार को जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय जिलों में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ।

- 6 हजार 811 बूथों पर टीकाकरण, 1 हजार 606 सुपरवाइजर
- 293 ट्रांजिट और 805 मोबाइल टीमें तैनात

वैक्सीनेटर और 816 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 153 ट्रांजिट टीमें और 635 मोबाइल टीमें तैनात हैं। अभियान में कुल 15,362 कार्मिक कार्यरत हैं। जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से अभियान की निगरानी करेंगे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेश नगर में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर टीकाकरण दिवस की शुरुआत की। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए 4,164 बूथों पर 4 लाख 61 हजार 578 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

'भारत की आर्थिक विकास दर की मजबूती को दुनिया स्वीकार कर रही'

जयपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत की 7 प्रतिशत जीडीपी विकास दर का उल्लेख किए जाने पर कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर की मजबूती को आज पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान जताया है।

शेखावत ने कहा कि विश्व बैंक ने हाल ही में भारत की जीडीपी विकास दर 7.1 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 7.2 प्रतिशत और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने 7 प्रतिशत से अधिक विकास दर रहने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता, सप्लाई चेन में व्यवधान और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी गंभीर चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रोबेशन मिलने से दोषसिद्धि खत्म नहीं होतीं: हाईकोर्ट

'सरकारी नौकरी का स्वतः अधिकार भी नही'

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि आपराधिक मामले में प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट का लाभ मिलने से दोषसिद्धि समाप्त नहीं होती और संबंधित व्यक्ति को सरकारी नौकरी पाने का स्वत: अधिकार भी नहीं मिल जाता। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल और न्यायाधीश समीर जैन की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए अजमेर निवासी पुरण सिंह पुरोहित की याचिका खारिज कर दी। मामले के अनुसार, पुरोहित को वर्ष 2014 में उत्तर-पश्चिम रेलवे में विकलांग कोटे से ग्रुप-डी खलासी/हेल्पर पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव मिला था।

पुलिस सत्यापन में आपराधिक मामले में उनकी दोषसिद्धि सामने आने पर रेलवे ने वर्ष 2015 में नियुक्ति प्रस्ताव रद्द कर दिया था। इस मामले में वर्ष 2004 में उन्हें 350 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जयपुर ने वर्ष 2021 में उनका आवेदन खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट में भारत सरकार और रेलवे मंत्रालय की ओर से अधिवक्ता आशीष कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा कि रेलवे को नियुक्ति से पहले अभ्यर्थी की पृष्ठभूमि जांचने और नियुक्ति के मापदंड तय करने का अधिकार है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक दोषसिद्धि नियुक्ति पर स्थायी रोक नहीं होती, बल्कि नियोक्ता को वस्तुनिष्ठ आकलन और सेवा नियमों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए।